बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

(निबंधित कार्यालयः—विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
Contact No:7763817975, 7763818077, email-hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in, website-www.bsptcl.in

पत्रांक— BSPTCL-T-VI/IR/2002/2013 (Part-I) पटना, दिनांक—

प्रेषक,
विजय कुमार,
अवर सचिव।

सेवा में,

Email

महाप्रबंधक—सह—मुख्य अभियंता,
संचरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर।

विषयः— दीपावली एवं छठ पूजा, 2024 के शुभ अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि दीपावली एवं छठ पूजा, 2024 के शुभ अवसर पर संबंधित ग्रिड उपकेन्द्रों से निर्बाध विद्युत आपूर्त्ति सुनिश्चित किया जाना है, इसके लिए यह आवश्यक है कि संबंधित ग्रिड उपकेन्द्र एवं कार्यालयों में परिचालन एवं अनुरक्षण से संबद्ध सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी निश्चित रूप से अपने कार्य पर उपस्थित रहेगें।

अतएव उक्त के आलोक में निदेश दिया जाता है कि परिचालन एवं अनुरक्षण से संबद्ध सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों तथा अभियंताओं को उक्त अवसर पर सामान्य स्थिति में किसी भी तरह का अवकाश नहीं दिया जाय। विशेष परिस्थिति में मुख्यालय से अनुमोदन प्राप्त कर ही किसी पदाधिकारी को अवकाश स्वीकृत किया जाय। साथ ही, निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल रखने हेतु अंचल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया जाए, जो मुख्यालय स्तर पर विद्युत अधीक्षण अभियंता, राज्य भार प्रेषण केन्द्र, पटना के निगरानी में गठित नियंत्रण कक्ष, जिसका दूरभाष संख्या— 7763817717 है, के सम्पर्क में रहेंगें। परिचालन एवं अनुरक्षण से संबद्ध सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी किसी भी परिस्थिति में विभागीय मोबाईल/दूरभाष बंद नही रखेंगे।

विश्वासभाजन,
ह0/—
(विजय कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांकः—2770 पटना,दिनांकः—22.10.24/

प्रतिलिपिः— निदेशक (परियोजना)/निदेशक (परिचालन)/सभी मुख्य अभियंता/महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/उपमहाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/वरीय प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ कम्पनी सचिव/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/सभी अवर सचिव/डी0बी0ए0/सभी लेखा पदाधिकारी/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता/सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसकी प्रति कम्पनी के वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा की जाए।

(विजय कुमार)
अवर सचिव
22.10.24

Typing–Anu Kumari